NORTH CENTRAL RAILWAY EMPLOYEES SANGH

Registered, Recognised & Affiliated to N.F.I.R. & I.N.T.U.C.
Central Office : 464/B, Nawab Yusuf Road, Allahabad (U.P.)

दिनांक 02.09.2019

No.240/NCRES/19

श्रीमान प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी
नार्थ सेन्ट्रल रेलवे, इलाहाबाद

विषयः– इलाहाबाद मण्डल के कार्मिक विभाग में $66^2/3\%$ पदोन्नति कोटे के अन्तर्गत प्रवर लिपिक सह टंकण पद (जी.पी.–2800) हेतु दिनांक 21.7.2019 के आयोजित लिखित सुयोग्यता परीक्षा में रेलवे बोर्ड के आदेशों का पालन न किया जाना।

महोदय,

उपरोक्त विषय के सन्दर्भ में अवगत कराना है कि इलाहाबाद मण्डल द्वारा कार्मिक विभाग में $66^2/3\%$ पदोन्नति कोटे के अन्तर्गत प्रवर लिपिक सह टंकण पद (जी.पी.–2800) हेतु दिनांक 21.7.2019 को लिखित सुयोग्यता परीक्षा कराया गया था जिसमे रेलवे बोर्ड द्वारा जारी नियमो का पालन नही किया गया।

कृपया निम्नलिखित बिन्दुओं पर ध्यान दिया जाय –

(1) रेलवे बोर्ड के दिशा–निर्देश के अनुसार 100% वस्तुनिष्ठ (objective) प्रश्नो के साथ परीक्षा कराने की प्रक्रिया शरू की गयी परन्तु परीक्षा का कोई पाठ्यक्रम (syllabus) जारी नही किया गया जो रेलवे बोर्ड के पत्र RBE 97/2019 के Clarification 7 (संलग्न) का उल्लंघन है।

(2) परीक्षा में रीजनिंग के भी प्रश्न डाल दिये गये जो उचित नही था।

(3) रेलवे बोर्ड के पत्र RBE 97/2019 दिनांक 14.6.2019 में जारी Clarification 10 के अनुसार प्रश्न पत्र का स्तर ऐसा होना चाहिये कि कार्य में दक्ष वरिष्ठ कर्मचारी भी प्रमोशन पा सके परन्तु इलाहाबाद मंडल द्वारा करायी गयी परिक्षा में हिन्दी, अंग्रेज़ी एवं रीजनिंग के प्रश्नो का स्तर ऐसा रखा गया जिससे लोग परीक्षा पास न कर सके। इसीलिए कुल विज्ञापित 60 में से 16 पद ही भरे जा सके।

(4) रेलवे बोर्ड के पत्र के अनुसार भाषा सम्बन्धी प्रश्नो को छोड़ कर सभी प्रश्न द्विभाषी होने चाहिये परन्तु रीजनिंग एवं राजभाषा के लगभग 15 प्रश्न द्विभाषी नही दिये गये।

(5) रेलवे बोर्ड द्वारा जारी दिशा–निर्देशों के अनुसार दिये गये 110 प्रश्नों में से केवल राजभाषा के 10 प्रश्न ही optional होंगे परन्तु इस परीक्षा में सभी 110 प्रश्नो में 10 option दिया गया है।

(6) इसी प्रकार उक्त परिक्षा के प्रश्न 38 में सही उत्तर 31.8.2025 होना चाहिए जो चारों विकल्प में मौजूद नहीं हैं। इसी क्रम मे प्रश्न 50 में 7th CPC के कुल पे–मैट्रिक्स के बारे में जानकारी मांगी गयी जिसका सही उत्तर 18 है जो कि दिये गये विकल्पो में मौजूद नही है।

उपरोक्त त्रुटियों के कारण 60 में से मात्र 16 पद हीं भरे गये है, इसलिये NCRES का अनुरोध है कि उचित कार्यवाही करें और की गयी कार्यवाही से NCRES को भी अवगत कराने की कृपा करें ।

(आर. पी. सिंह)
महामंत्री